**A–1–X**

Roll No...

[Total No. of Printed Pages : 16

Total No. of Questions : 13]

**10th ARF(SZ)JKUT2024–25**

**101–X**

# HINDI

[Maximum Marks : 80

Time : 3 Hours]

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यही।
हमारी जन्म भूमि थी यही, कहीं से हम आए थे नहीं।
जातियों का उत्थान, पतन, आंधियाँ झड़ी, प्रचंड समीर।
खड़े देखा, झेला, हँसते, प्रलय में पले हुए हम वीर।

**अथवा**

माँ ही शक्ति, माँ ही भक्ति।
माँ ही हमारी काया है।
माँ से ही सबने मानव जीवन पाया है।
मातृशक्ति से ही हैं सारे अक्षर और वचन।
मातृशक्ति का पल-प्रतिपल करें नमन।
मातृशक्ति की सेवा में कर दें सारा जीवन अर्पण।

https://www.jkboseonline.com

2. किसी **एक** कविता का सार लिखिए :

(क) कैकेयी का अनुताप

(ख) भिक्षुक

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

पहले की तरह ही आराम से पिंजरे में रखे दो तोतों को दिन में कई बार भिगोकर रखे बादामों की गिरियों का छिलका उतारकर उन्हें खिलाते, उनसे बातें करते रहते हैं। उनके वे तोते हमने भी कई बार देखे थे। परन्तु हमारे लिए यह चमत्कार ही था कि जो प्रीतमचंद बिल्ला मार-मारकर हमारी चमड़ी तक उधेड़ देते वह अपने तोतों से मीठी-मीठी बातें कैसे कर लेते थे ? क्या तोतों को उनकी दहकती भूरी आँखों से भय न लगता था। हमारी समझ में ऐसी बातें तब नहीं आ पाती थीं, बस एक तरह इन्हें अलौकिक ही मानते थे।



https://www.jkboseonline.com

अथवा

यहाँ कोई किसी का नहीं है। सब माया बंधन है। तू तो धार्मिक प्रवृत्ति का आदमी है। मैं समझ नहीं पा रहा हूँ कि तुम इस बंधन में कैसे फँस गए। ईश्वर में भक्ति लगाओ। उसके सिवाय कोई तुम्हारा अपना नहीं। पत्नी, बेटे, भाई बंधु सब स्वार्थ के साथी हैं। जिस दिन उन्हें लगेगा कि तुमसे उनका स्वार्थ सधने वाला नहीं, उस दिन वे तुम्हें पूछेंगे तक नहीं। इसीलिए ज्ञानी, संत, महात्मा ईश्वर के सिवाय किसी और में प्रेम नहीं लगाते। 4

4. किसी **एक** गद्य पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए :

(क) जम्मू की चित्रकला

(ख) बड़े भाई साहब

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) हिन्दी भाषा भारत में ऊँच-नीच को कैसे खत्म कर सकती है ?

(ख) हिन्दी हमारे देश की राष्ट्रभाषा क्यों बन गई ?

(ग) लोक नाटकों में क्या बताया या पेश किया जाता है ? 2+2



https://www.jkboseonline.com

## खण्ड—ख

6. (क) 'कहानी' को परिभाषित करके इसके तत्वों के नाम लिखिए।

(ख) उपन्यास के किसी भी तत्व पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) 'आत्मकथा' तथा 'जीवनी' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3+2+3

## खण्ड—ग

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग **200** से **250** शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(क) समाज सेवा :

संकेत बिन्दु :

(i) समाज का महत्व

(ii) सेवा का महत्व

(iii) वास्तविक वीर व्यक्ति

(iv) इतिहास के उदाहरण

(v) उपसंहार



https://www.jkboseonline.com

(ख) अनुशासन का महत्व :

संकेत बिन्दु :

(i) अनुशासन का अर्थ

(ii) अनुशासन सफलता की कुंजी

(iii) प्रकृति में अनुशासन

(iv) समाज और राष्ट्र में अनुशासन

(ग) मोबाइल फोन : सुविधा या असुविधा :

संकेत बिन्दु :

(i) आवश्यक अंग

(ii) सहज जुड़ाव

(iii) ढेरों सुविधाएँ

(iv) स्वास्थ्य तथा अन्य खतरा

(v) सही/गलत प्रयोग



https://www.jkboseonline.com

(घ) हमारे गाँव :

संकेत बिन्दु :

(i) गाँव भारत की महत्वपूर्ण इकाई

(ii) गाँव की दशा का चित्रण

(iii) कृषि, यातायात, विद्युत आदि में सुधार

(iv) हमारे गाँव हमारे लिए स्वर्ग

**8.** **अपने मित्र को ग्रीष्मावकाश अपने साथ विताने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**बहन की शादी के लिए अवकाश प्राप्ति के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।** **6**

**9.** **कुछ लोग सोचते हैं कि खेलने-कूदने से समय नष्ट होता है, स्वास्थ्य-रक्षा के लिए व्यायाम कर लेना ही काफी है पर खेल-कूद से स्वास्थ्य तो बनता ही है, साथ-साथ मनुष्य कुछ ऐसे गुण भी सीखता है जिनका जीवन में विशेष महत्व है। सहयोग से काम करना, विजय मिलने पर अभिमान न करना, हार जाने पर साहस न छोड़ना, विशेष ध्येय के लिए नियमपूर्वक कार्य करना आदि गुण खेलों**



https://www.jkboseonline.com

के द्वारा अनायास सीखे जा सकते हैं। खेल के मैदान में केवल स्वास्थ्य ही नहीं बनता वरन् मनुष्य भी बनता है। खिलाड़ी वे बातें सीख जाते हैं जो उसे आगे चलकर नागरिक जीवन की समस्या को सुलझाने में सहायता देती हैं।

**प्रश्न :**

(क) इस गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखिए। 2

(ख) खेल के मैदान में स्वास्थ्य के अतिरिक्त क्या बनता है ?

(ग) कुछ लोगों के खेल-कूद के बारे में क्या विचार हैं ?

(घ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

## खण्ड—घ

10. अलंकार छांटिए :

(क) तरनि-तनूजा-तट तमाल तरुवर बहु छाए :

(i) यमक

(ii) उपमा

(iii) अनुप्रास

(iv) रूपक



https://www.jkboseonline.com

(ख) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार॥

(i) रूपक

(ii) उपमा

(iii) अतिशयोक्ति

(iv) अनुप्रास

(ग) छन्द बताइए :

भोजन करत बुलावत राजा
नहिं आवत तजि बाल समाजा
कौशिल्या जब बोलत जाहिं
ठुमक-ठुमक प्रभु चलहि पराहिं

(i) दोहा

(ii) सोरठा

(iii) चौपाई

(iv) कवित्त



https://www.jkboseonline.com

(घ) रघुकुल रीति सदा चलि आई।
प्राण जाय पर वचन न जाई॥

(i) सोरठा

(ii) दोहा

(iii) चौपाई

(iv) कवित्त

11. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 1×4=4

निम्नलिखित रेखांकित शब्दों में दिए गए पदबंध का सही विकल्प छाँटिए :

(क) देशभर में दलित अब बेरोज़गार नहीं रहेंगे!

(i) संज्ञा पदबंध

(ii) सर्वनाम पदबंध

(iii) विशेषण पदबंध

(iv) क्रिया विशेषण पदबंध 1



https://www.jkboseonline.com

(ख) गाड़ी बहुत धीमी गति से चल रही है :

(i) विशेषण पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध

(iv) क्रिया विशेषण पदबंध

(ग) मोहन हिन्दी पढ़ने के लिए शास्त्री जी के :

(i) यहां गया है। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(ii) मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था।

(साधारण वाक्य में परिवर्तित कीजिए

(घ) किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :

(i) अन्त पाना

(ii) खाला जी का घर

(iii) दाल न गलना



https://www.jkboseonline.com

12\. (क) सन्धि विच्छेद कीजिए (कोई **एक**) :

(i) मतानुसार, भारतेन्दु

(ii) सन्धि कीजिए (कोई **एक**) 1

अनु + एषण, नै + अक 1

(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए (कोई **दो**) :

(i) गृहप्रवेश

(ii) पतिव्रता

(iii) पुरुषोत्तम ½+½=1

(ग) क्रिया भेद बताइए (कोई **दो**) :

(i) बच्चा क्यों रोता है ?

(ii) अतिशय क्रिकेट खेलता है।

(iii) श्रीकृष्ण ने कंस को मारा। ½+½=1

(घ) (i) अत्यन्त में (उपसर्ग लिखिए) 1

(ii) विद्यालय में (प्रत्यय लिखिए) 1

(iii) 'सुन्दर' शब्द का (उत्तमावस्था लिखिए) 1



https://www.jkboseonline.com

(ङ) (i) 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

(ii) 'अम्बर' शब्द का अनेकार्थक शब्द लिखिए।

(iii) जिसके आने की तिथि निश्चित' न हो।

(अनेक शब्द के लिए एक शब्द लि

(च) (i) 'अहं' तथा 'मीठा' शब्द को भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित क

(ii) सर्वनाम किसे कहते हैं ? भेद भी लिखिए।

13. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(i) 'मन का आपा खोइ' पद में 'आपा' का अर्थ है :

(क) प्रेम

(ख) घृणा

(ग) त्याग

(घ) अहंकार ✓



https://www.jkboseonline.com

(ii) 'नीलमनि-सैल' किसे कहा गया है ?

(क) हिमालय को

(ख) शिव को

(ग) श्रीकृष्ण का साँवला शरीर को

(घ) विंध्यांचल पर्वत को

(iii) हिंदी का पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार किसको मिला ?

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(ग) महादेवी वर्मा

(घ) सुमित्रानन्दन पंत

(iv) पर्वत का यशोगान कौन गा रहे हैं ?

(क) पक्षी

(ख) वृक्ष

(ग) झरने

(घ) पत्थर



https://www.jkboseonline.com

(v) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' में 'दीपक' किसका प्रतीक है ?

(क) मिट्टी

(ख) तेल

(ग) बत्ती

(घ) परोपकार

(vi) कवि ने किसके चरणों में लीन होने की बात कही है ?

(क) माता के

(ख) प्रभु के

(ग) मित्र के

(घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) 'पोथी' से कवि कबीर का क्या तात्पर्य है ?

(क) बही खाता



https://www.jkboseonline.com

(ख) राजनीतिशास्त्र

(ग) अर्थशास्त्र

(घ) धार्मिक पुस्तकें

(viii) बिहारी लाल का जन्म कब हुआ था ?

(क) 1663 ई.

(ख) 1595 ई.

(ग) 1500 ई.

(घ) 1600 ई.

(ix) पंत जी का पूरा नाम क्या है ?

(क) वल्लभभाई पंत

(ख) देवकीनंदन पंत

(ग) सुमित्रानंदन पंत

(घ) जानकीनंदन पंत



https://www.jkboseonline.com

(x) 'मानवता' कविता के कवि हैं :

(क) डॉ. श्यामलाल शर्मा

(ख) डॉ. मनोहरलाल शर्मा

(ग) डॉ. बंसीलाल शर्मा

(घ) डॉ. मोहनलाल शर्मा 1×10=10



https://www.jkboseonline.com